सार-समाचार

आयुर्वेद वि.वि. ने दो स्कूलों को गोद लिया

जोधपुर, (कासं)। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्व विद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में 9 जनवरी को भारतीय चिकित्सा पद्धित राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के नियम अनुसार स्नातकोत्तर कौमारभृत्य विभाग द्वारा नर्सरी कक्षा से कक्षा 10 तक के सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य विकास और मनोवैज्ञानिक विकास का आकलन करने के क्रम में दो विद्यालय क्रमशः भवानी आदर्श विद्या मंदिर पाल रोड निकट अशोक उद्यान जोधपुर एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घड़ाव को गोद लिया गया। इन दोनों विद्यालयों में नर्सरी से कक्षा 10 तक के सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य विकास एवं मनोवैज्ञानिक विकास के लिए बाल विकास क्लीनिक स्थापित कर आकलन किया जाएगा । यह आकलन वर्ष में दो बार किया जाएगा। प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रोफेसर हरीश कुमार सिंघल विभागाध्यक्ष, कौमारभृत्य विभाग द्वारा दोनों विद्यालय को गोद लेने की प्रक्रिया संपन्न कराई। इस अवसर पर भवानी आदर्श विद्या मंदिर से प्राचार्य राम प्रताप सिंह, कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश माहेश्वरी ने आयुर्वेदिक विद्यालय के कुलपति का आभार व्यक्त किया।

बांगड अस्पताल में पूर्ण प्रबंध : चौधरी

पाली, (नि.सं.)। एक समाचार पत्र के पाली संस्करण में प्रकाशित समाचार के क्रम में अधीक्षक राजकीय बांगड चिकित्सालय के एच एम चौधरी ने खंडन किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि नवनिर्मित पिडीयाट्रिक सैकण्ड वार्ड में प्रत्येक बैड पर डी-टाईप ऑक्सीजन सिलेण्डर / ऑक्सीजन कन्सट्रेक्टर तथा सक्शन मशीन लगी हुई है जिसमें ऑक्सीजन सिलेण्डर का फोटो भी समाचार में प्रकाशित है । उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन सिलेंडर एंव संक्शन मशीन द्वारा किसी भी रोगी को संक्रमण फैलने पर कोई भी साक्ष्य आज दिनांक तक चिकित्सालय में नहीं है, और ना ही सामान्य वार्ड में ऑक्सीजन सिलेण्डर अथवा संक्शन पाईपलाईन के अभाव में वार्ड चालू किये जाने की बाध्यता सम्बन्धित कोई भी निर्देश आज दिनांक तक अप्राप्त है तथा शिशु के साथ आवश्यकता होने पर उसकी माता को भी साथ रखा जा सकता है। मौसमी बीमारियों के कारण अधिक रोगीभार होने की स्थिति में स्थान एवं पलंग के अभाव में एक बैड पर दो बच्चों को सुलाया जाना सामान्य प्रक्रिया है, जिससे भी आपसी संक्रमण का कोई सम्बन्ध नहीं है। नये पीडियाट्रिक वार्ड में सक्शन एंव ऑक्सीजन पाईपलाईन लगाने सम्बन्धित कार्य प्रक्रियाधीन है।

पोकरण में आधार बनाने की सुविधा नहीं

पोकरण, (कासं)। परमाणु शहर में 5 साल से ऊपर के बच्चों के लिए आधार कार्ड बनवाने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके चलते आमजन को पोकरण शहर से तेरह किलोमीटर दूर रामदेवरा सहित अन्य दूरस्थ स्थानों पर जाना पड़ता है। बच्चों के अभिभावकों की शारीरिक, मानसिक आर्थिक परेशानी से जुझना पड़ता है। पोकरण के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावक अपने बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। आधार कार्ड की जरूरत आज हर क्षेत्र में है, बैंकिंग, चिकित्सा, सरकारी योजनाएं हों, या फिर स्कूलों में प्रवेश की प्रकिया हो। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आधार कार्ड बनवाने के लिए रामदेवरा जैसे दूरस्थ स्थानों पर जाने में समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। पोकरण के नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द आधार कार्ड बनाने की सुविधा पोकरण में ही शुरू की जाए। साथ ही उन्होंने इस मुद्दे को प्राथमिकता से हल करने की अपील की है। पोकरण में आधार कार्ड बनवाने की समस्या को लेकर जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में जाएंगे शर्मा

पाली, (नि.सं.)। पाली के सेंट पॉल स्कूल में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत बुद्धि प्रकाश शर्मा अहमदाबाद में आयोजित 11 से 14 जनवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव में हिस्सा लेंगे। शर्मा लगातार पांचवीं बार इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। उनके साथ सहयोगी के रूप में पवन शर्मा, गौरव शर्मा व ललित सोनी भी है। इस पतंग महोत्सव में विश्व के करीब 60 देश हिस्सा लेंगे। शर्मा को बचपन से ही पतंग उड़ाने का शौक रहा है और इसी शौक ने उनको इस मंजिल पर पहुंचाया है। हाल में आयोजित मारवाड़ी महोत्सव और रणकपुर महोत्सव में इनकी पतंगों का शानदार प्रदर्शन रहा। शर्मा के पास करीब 35 विदेशी पतंग का संग्रह है जिसमें 12 वर्ग का लिफ्टर, साढ़े 5 मीटर का टॉम और टेडी, 19 फीट की तिरंगा पतंग, एस्ट्रोनॉट, 3 और 4 मीटर की दो रात को उड़ने वाली एलईडी पतंग और 150 फुट कोबरा मुख्य है।

रेलवे पार्सल लदान पर प्रतिबंध

जोधपुर, (कासं)। रेलवे ने गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली और उसके आसपास के स्टेशनों के लिए 26 जनवरी तक पार्सल बुकिंग पर रोक लगा दी है। इस दौरान किसी भी प्रकार का पार्सल लेनदेन भी नहीं होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली क्षेत्र में सभी स्टेशनों पर हर प्रकार के पार्सल लेनदेन पर 23 से 26 जनवरी तक अस्थाई प्रतिबंध लगाया गया है। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज, पैकिंग से मुक्त रहेंगे। सभी स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी (मांग वीपी सहित) सहित आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने जानकारी में बताया कि केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति होगी।

मलकेश्वर मठ जालोर में बैठक 12 को

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राजस्थान प्रदेश प्रभारी सत्यवीर यादव एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शिव भगवान नागा 12 जनवरी को सुबह 11 बजे किसान कांग्रेस संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक मलकेश्वर मठ जालोर में लेंगे। कांग्रेस जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष 12 जनवरी को जालोर किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की बैठक लेकर किसानों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। बैठक समाप्ति के पश्चात प्रेस वार्ता को सम्बोधित करेंगे। कुम्पावत ने बताया कि जिले के प्रमुख कांग्रेसजन सहित किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं तमाम कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे।

मंगल परिहार का स्वागत किया

जोधपुर, (कासं)। घांची नवयुवक मंडल सेवा समिति ने आज घांची मंडल के उपाध्यक्ष मंगल परिहार का स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर खाद्य सुरक्षा एवं सतर्कता समिति में राज्य सरकार द्वारा सदस्य मनोनीत करने पर नवयुवक मंडल समिति ने स्वागत कर बधाई दी। सचिव धनराज बोराणा ने बताया कि घांची नवयुवक मंडल अध्यक्ष पंकज भाटी,घांची महासभा उप सचिव कमलेश भाटी, बुक बैंक प्रभारी राजेश भाटी, घांची नवयुवक मण्डल सचिव धनराज बोराणा ,कोषाध्यक्ष सन्नी परिहार, एडवोकेट महेंद्र भाटी उप सचिव,राज भाटी उप कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य राकेश परिहार, पवन धाणादिया, करण सोलंकी आदि उपस्थित थे।

मुख्य सचिव पंत ने बैठक ली

जोधपुर, (कासं)। राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत आज सुबह जोधपुर पहुंचे। उन्होंने मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में जोधपुर संभाग के सभी एसपी और कलेक्टर शामिल हुए। पिछले बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन पर मुख्य सचिव द्वारा फीडबैक लिया गया। विकास कार्यों की गति से लेकर लंबित कार्यों पर भी चर्चा की गई। मूलभूत सुविधाओं से लेकर सरकार की विभिन्न योजनाओं की क्रियावन का भी फीडबैक लिया गया।

दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ने पकड़ा

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर में गुरुवार को 50 साल के एक बुजुर्ग मजदूर ने 6 साल की बच्ची के होंठों और प्राइवेट पार्ट को काट लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बच्ची के चिल्लाने पर आरोपी बुजुर्ग मौके से फरार हो गया। लोगों ने उसे ढूंढकर उसकी धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलने पर महिला थाना पुलिस ने 6 साल की बच्ची का जवाहिर हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से मेडिकल करवाया। वहीं पुलिस रेप का प्रयास करने वाले बुजुर्ग को थाने लाई और उससे पूछताछ शुरू की।

बालोतरा में साइबर ठगी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा पुलिस व डीएसटी टीम ने गुरुवार को साइबर ठगी के मामले में तीन जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त पांच मोबाइल, नेटवर्क राउटर, विभिन्न बैंकों के एटीएम, पासबुक, चैक बुक, हिसाब-किताब रजिस्टर व 1 करोड़ 81 लाख 16 हजार 922 सौ रूपए का हिसाब जब्त कर साइबर ठगी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बालोतरा पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा साईबर ळापराधों की रोकथाम, साईबर अपराध प्रकरणों, परिवादों के त्वरित निस्तारण एवं साइबर जागरूकता के लिए चलाये जा रहे विषेष अभियान ''साईबर शील्ड'' के तहत गोपालसिंह भाटी आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं सुशील मान आरपीएस, वृताधिकारी बालोतरा के निकटतम सुपरविजन में ओमप्रकाश निपु. थानाधिकारी बालोतरा के नेतृत्व में गठित टीम व डीएसटी बालोतरा की सूचना अनुसार साइबर ठगी में उपयोग लिये जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, विभिन्न बैंकों के एटीएम, बैंक डायरियां, करोड़ों के हिसाब-किताब सहित आरोपी भंवरलाल, लक्ष्मण कुमार व आईदानराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार आठ जनवरी को डीएसटी बालोतरा से सूचना प्राप्त हुई कि जरखेश्वर बगीची से आगे एक किराये के मकान में तीन युवक मोबाइल फोन, नेट का राउटर, बैंक चैक बुकें, एटीएम कार्ड इत्यादि सामग्री के साथ साइबर ठगी का काम कर रहे है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस थाना बालोतरा की पुलिस टीम द्वारा जरखेश्वर बगीची के पास रहवासीय मकान पर दबिश देकर आरोपी भंवरलाल, लक्ष्मण कुमार व आईदानराम को गिरफ्तार किया गया। आरोपी द्वारा षड़यंत्रपूर्वक योजना बनाकर धोखाधड़ी करने के आशय से ऑनलाईन सोशल साईट, इंटाग्राम व फैसबुक एड आदि पर कस्टमरों को गैम खेलने का झांसा देकर उन्हें प्रेरित कर मोबाइल उपकरणों का उपयोग कर रूपये हड़पना पाया जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों से साइबर ठगी के संबंध में जांच जारी है। पुलिस ने भंवरलाल पुत्र गेनाराम जाट निवासी दानपुरा पुलिस थाना गिड़ा जिला बालोतरा, लक्ष्मण कुमार पुत्र नगाराम जाट निवासी पटाली नाडी, रतेउ पुलिस थाना गिड़ा जिला बालोतरा, आईदानराम पुत्र तुलछाराम जाट सिंगोड़िया पुलिस थाना नागाणा जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया है।

बालोतरा पुलिस व डीएसटी टीम ने साइबर ठगी के मामले में एक मकान पर दबिस देकर तीन आरोपियों को पकड़ा। फोटो-राष्ट्रदूत

एच.एम.पी.वी. वायरस को लेकर चिकित्सा कर्मी अलर्ट

पाली, (नि.सं.)। राज्य में करोना एच.एम.पी.वी. वायरस से ग्रसित मरीज मिलने के बाद चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर है। पाली के बांगड़ चिकित्सालय में चिकित्साकर्मी मास्क लगाकर सावधानी बरत रहे है। वहीं अस्पताल में आने वाले मरीजों को चिंता ही नहीं है। वे बिना मास्क व सावधानी के पहुंच रहे है। अस्पताल के इंजेक्शन कक्ष में मास्क पहने नर्सिंगकर्मी व आउटडोर में वायरस की चिंता किए बिना खड़े मरीज व उनके परिजन।

बांगड़ हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ हजारी मल चौधरी ने बताया कि ये वायरस ठंड के मौसम में बच्चों को लेकर जो सर्दी-जुकाम को मामूली समझते हैं, उसी की वजह से ये वायरस पैदा होते हैं,लेकिन ये कोई नया वायरस नहीं है।

उन्होंने बताया कि भारत में भी चीन के खतरनाक वायरस एचएमपीवी ने दस्तक दे दी है। देश में अब तक 3 केस आ चुके हैं वो तीनों बच्चे हैं। ये वायरस चीन से आया है और लोगों के अंदर फिर से कोरोना महामारी का डर पैदा हो गया है। लोगों को फिर से 2020 की याद दिला रही है। दहशत से लोग परेशान होने लगे हैं।

अतिक्रमण की शिकायत करने वाले को पालिका ने थमाया नोटिस

भीनमाल, (निसं)। भीनमाल शहर की सूरता की ढाणी में रहने वाली वृद्धा को क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के लिए हुई तारबंदी की सूचना नगरपालिका को देना भारी पड गया।

नगरपालिका ने उलटे उसी वृद्धा को नोटिस देकर एक कमरे के बने कच्चे मकान को खाली करने का नोटिस थमा दिया। नोटिस मिलने से घबराई हुई वृद्धा सुमटी देवी पत्नी लच्छाराम जाति भील ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर, जिला कलेक्टर व नगरपालिका ईओ को ज्ञापन सौंपकर उसके पुनर्वास तक उसे बेदखल करने से रोकने की मांग की है।

सुमटी देवी ने एडीएम को दिए ज्ञापन में बताया है कि उसके परिवार में वह तथा उसका 70 वर्षीय विकलांग पति ही है और उसके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है। उसने बताया है कि उसका पति गत 20 सालों से बीमार होकर बिस्तर पर है।

कुछ लोगों ने चंदा करके उसे एक ओरडी (कमरा) बनाकर दिया था। जिसमें इस सर्दी के मौसम में वह तथा उसके पति रहते है।

पास में पडी सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा करने की नियत से तारबंदी करवाई थी। जिसकी सूचना उसने नगरपालिका को दी थी तो पालिका ने उल्टे उसे ही नोटिस देकर यह ओरडी खाली करने का नोटिस थमा दिया। दिए गए ज्ञापन में सुमटी देवी ने बताया है कि उसके पास रहने को कोई जगह नहीं है और उसे जब तक पुनर्वास नहीं करवाया जाता है तब तक उसको यहां से बेदखल नहीं करवाया जाए।

बच्ची की मौत पर डॉक्टर्स की आंखें हुई नम

- खेलते समय घर के होद में गिरी मासूम
- डॉक्टर्स ने दो घंटे प्रयास किए, लेकिन नहीं बचा सके जान

पाली, (नि.सं.)। पाली में गुरुवार को एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची खेलते समय पानी के होद में गिर गई। कुछ देर बाद परिजनों को पता चला तो उसे बाइक पर लेकर रोते हुए बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रोमा वार्ड में पहुंचे। ट्रोमा वार्ड के स्टॉफ सहित चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम करीब दो घंटे तक मासूम की जान बचाने में जुटे रहे लेकिन शाम साढ़े पांच बजे उसने दम तोड़ दिया। यह देख डॉक्टर्स की आंखें भी नम हो गई।

दरअसल पाली शहर के औद्योगिक थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप सर्किल के पास रहन वाले पारसमल की डेढ साल की बेटी गूंजन गुरुवार दोपहर को घर में खेलते समय पानी के होद में गिर गई। घटना के समय मासूम की मां घर के काम-काज में व्यस्त थी। कुछ देर बाद उसे गूंजन नहीं देखी तो ढूंढा तो मासूम पानी के होद में गिरी मिली। पड़ोसियों की मदद से उसे बाहर निकाला और काम पर गए पति को फोन कर हादसे की सूचना दी। पारसमल तुरंत घर पहुंचा और अचेत हालत में मासूम को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रोमा वार्ड में लेकर पहुंचा। जहां तैनात डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टॉफ ने सीपीआर देने, हार्ट को पम्प करने का प्रयास किया। इतने में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर स्वर्णकार ट्रोमा वार्ड में पहुंचे।

उन्होंने मासूम की एक बार फिर करवाई। उसमें उन्हें बच्ची की जान बचाने की कुछ संभावना दिखी तो तुरंत बांगड़ हॉस्पिटल के वार्ड में ले गए। जहां डॉक्टर स्वर्णकार और उनकी टीम के डॉ राजवी और डॉ कैलाश के साथ मिलकर गूंजन की जान बचाने में जुट गए। डॉक्टर्स ने गूंजन की हार्ट बीट वापस लोने के लिए इंजेक्शन लगाए, करंट की दिया, सीपीआर दिया, लेकिन लाख प्रयास के बाद भी वे गूंजन की जान नहीं बचा सके और शाम करीब साढ़े पांच बजे गूंजन ने अंतिम सांस ली। यह देख डॉक्टर स्वर्णकार और डॉ राजवी की भी आंखें नम हो गई।

मामले में डॉक्टर एसएन स्वर्णकार ने कहा कि मासूम को जब लेकर आए थे तब भी उसकी स्थिति गंभीर थी। उसका हार्ट न के बराबर काम कर रहा था। बॉडी में पानी भर गया था। दूसरी बार करवाई तो लगा कि अभी मासूम में कुछ जान बची है प्रयास करेंगे तो शायद बचा लेंगे इसलिए तुरंत ट्रोमा वार्ड से वार्ड में ले गए लेकिन दो घंटे ट्रीटमेंट करने के बाद भी मासूम को बचाने में कामयाब नहीं हो सके।

मृतक गूंजन के पिता पारसमल ने बताया कि वह आरसीसी का काम करता है। घटना के वक्त वह काम पर गया हुआ था। उसके तीन बच्चे है। जिनमें गूंजन सबसे छोटी है। उससे बड़ा 9 साल का बेटा केशव और 12 साल का बेटा विजेंद्र है।

जोधपुर शहर में जलापुर्ति 12 को बाधित रहेगी

जोधपुर, (कासं)। ग्रीष्म ऋतू के लिए जल भंडारण एवं जोधपुर शहर के फिल्टर प्लांट, पम्प हाउस, पाईप लाईनों के रख रखाव व सफाई के लिये 12 जनवरी को जोधपुर शहर के समस्त फिल्टर हाउस से सभी क्षेत्रों मे जलापुर्ति बन्द रहेगी । अतः जोधपुर शहर के कायलाना, चौपासनी व सूरपुरा फिल्टर हाउस से संबन्धित सभी क्षेत्रों में 12 जनवरी को होने वाली जलापूर्ति 13 जनवरी को तथा 13 जनवरी की जलापूर्ति 14 जनवरी को की जाएगी।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वृत जोधपुर के अधीक्षण अभियंता मनोज भवण ने बताया कि झालामण्ड एव तख्त सागर फिल्टर हाउस से जुडे क्षेत्र सरस्वती नगर,एवं कुडी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड के विभिन्न सेक्टरों एवं पाल बाईपास, शिल्पठाम के आस पास क्षेत्रो में 12 जनवरी को सुबह 10:00 बजे तक की जाने वाली जलापूर्ति सामान्य रुप से होगी।

इन क्षेत्रों में 13 जनवरी को की जाने वाली जलापूर्ति 14 जनवरी को एवं 14 जनवरी को की जाने वाली जलापूर्ति 15 जनवरी को होगी।

बालोतरा में साइबर ठगी के मामले में एक ई-मित्र संचालक गिरफ्तार

बालोरता, (निसं)। डीएसटी व बालोतरा पुलिस ने गुरुवार को ऑपरेशन साईबर शील्ड' के तहत साईबर ठगी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही कर प्रयुक्त कम्प्यूटर सैट, मोबाइल, बायोमैट्रिक मशीन, हिसाब-किताब, रजिस्टर इत्यादि जब्त कर साईबर ठगी का आरोपी ई-मित्र संचालक लक्ष्मण को गिरफ्तार किया।

डीएसटी बालोतरा की सूचना अनुसार साईबर ठगी में उपयोग लिये जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा कम्प्यूटर सैट, मोबाईल, बायोमैट्रिक मषीन, हिसाब-किताब के रजिस्टर इत्यादि जब्त कर साईबरी ठग लक्ष्मण को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

ज्ञात रहे कि 7 जनवरी को डीएसटी बालोतरा व मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा बालोतरा में पुराना बस स्टेण्ड मनमोहन स्वीट के पीछे गली में श्री महालक्ष्मी ई-मित्र पर ई-मित्र संचालक लक्ष्मण द्वारा साईबर ठगों के साथ मिलकर स्थानीय लोगों को प्रलोभन देकर खाते खुलवाकर बड़े स्तर पर साईबर धोखाधड़ी की लेन-देन का कार्य किया जा रहा है, जिससे संदिग्ध दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा अवैध लेन-देन रिकॉर्ड सहित साईबर ठगी का भांडाफोड़ हो सकता है।

मामले को लेकर पुलिस थाना बालोतरा की पुलिस टीम द्वारा महालक्ष्मी ई-मित्र पर लक्ष्मण को दस्तयाब कर ई-मित्र पर उपयोग में लिये जा रहे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व हिसाब-किताब से साक्ष्य संकलित करने से पाया गया कि ई-मित्र संचालक लक्ष्मण व अन्य कई अपराधियों द्वारा आपराधिक षड़यंत्र रचकर स्थानीय युवकों को कमिषन का प्रलोभन देकर अपने साथ षामिल कर उनके खाते खुलवाकर मोबाईल व नेटवर्क के जरिये अज्ञात पीड़ित को झूठी प्रवंचना देकर राषि इनके द्वारा खुलवाये गये स्थानीय युवकों के खातों में डलवाकर विड्रोल कर साईबर धोखाधड़ी करना पाया जाने पर लक्ष्मण के कब्जा से कम्प्यूटर सैट, मोबाईल, बायोमैट्रिक मषीन, हिसाब-किताब के रजिस्टर इत्यादि जब्त कर लक्ष्मण को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने लक्ष्मण पुत्र रामकिशोर जाति माली उम्र 30 वर्ष निवासी गांधीपुरा, पुलिस थाना बालोतरा को गिरपतार किया।

अधिकारी बैठक में तैयारी से नहीं आए, विधायक हुए नाराज

- जालोर पंचायत समिति की बैठक में डिस्कॉम ए.ई.एन. को मुख्य सचेतक ने लगाई फटकार

जालोर, (कासं)। जालोर के राजेंद्र नगर स्थित पंचायत समिति के भवन में गुरुवार को प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में पंचायत समिति की साधरण सभा हुई।

बैठक में गांवों में पानी की व्यवस्था, डिस्कॉम और सड़कों के मुद्दे छाए रहे। बैठक के दौरान ड़िस्कॉम के सहायक अभियंता बिजली से सम्बंधित प्रश्नो का उचित जवाब नहीं दे पाए, इसके चलते जालोर विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने फटकार लगाते हुए एईएन को बैठक से बाहर निकाल दिया। बैठक में बिजली, पानी व सड़कों के सम्बंधित विभागों के अधिकारी व्यवस्थित तैयारी के साथ नहीं आए, जिस कारण सही जवाब नहीं दे पाए। बैठक में बिजली, पानी व सड़क के मुददे छाये रहे। वही अधिकारी इन मूलभूत सुविधाओं को समाधान करने को लेकर उचित जवाब नही दे पाये । बैठक के अंत में जालोर एसड़ीएम मनोज ने सभी अधिकारियों को व्यवहार कुशल बनने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि काम तो हमें ही करना है, साथ ही अधिकारियों को अपने व्यवहार में सुधार भी लाना होगा। यह सदन है, सही तैयारी के साथ बैठक में आएं और जनप्रतिनिधियों की बातों को गम्भीरता से लेते हुए सदन की गरिमा को बनाये रखें, इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

बैठक में सदस्य मंगनाराम चौधरी ने कहा कि कुछ साल पहले बादनवाड़ी रोड़ पर झूलते विद्युत तारों के कारण बड़ा हादसा हो गया था, कई लोगों की जलने से मौत हो गई थी, ठीक उसी प्रकार से तार सामतीपुरा व सरदारगढ़ खेड़ा में विद्युत तार झूल रहे है। कई बार कहने के बावजूद ड़िस्कॉम के अधिकारी गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं। सहायक अभियंता इसका जवाब भी उचित नहीं दे पाए, इस पर विधायक गर्ग ने एईएन को फटकार लगाते हुए बाहर निकाल दिया और एक्सईएन को बुलाने को भेज दिया।

इसी प्रकार आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि नया ऊण गांव में ग्राम पंचायत ने एनओसी दे दी है, लेकिन पाइपलाइन तो ड़ाली ही नहीं है। इस पर सम्बंधित अधिकारी उचित जवाब नहीं दे पाये। इसी प्रकार एक मामले में बागरा डिस्कॉम एईएन से जो जानकारी चाही तो उनके जवाब पर आहोर विधायक राजपुरोहित ने कहा कि झूठ बोलकर सदन को गुमराह नहीं करें, उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। मेड़ा उपरला सरपंच प्रेमसिंह ने कहा कि चोर गैंग ने क्षेत्र में कई हैंड़पम्प चुरा लिए है, कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

इस पर पुलिस उप अधीक्षक गौतम जैन ने कहा कि इस प्रकार की रिपोर्ट मिले तो कार्रवाई जरूर करेंगे।

बैठक में तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित ने कहा कि गांवों में रास्ते संकड़ है, रास्तों को चौड़ा करने का अभियान चलाया जाएगा, इसके लिए सरपंचों को सहयोग करना होगा। सभी सरपंचों ने इसमें सहयोग का भरोसा दिलाया। इसी दौरान तहसीलदार ने कहा कि कई सरपँच कार्य को लेकर शिथिल है, उन्होंने सियाणा पंचायत के बारे में कहते हुए कहा कि बड़ी विड़ंबना है कि सियाणा सरपंच ने अभी तक आइडी मैप शुरू नहीं की। इससे म्यूटेशन ऑनलाइन की जानकारी नहीं मिल पाती।

उन्होंने सभी सरपंचों को आईड़ी शुरू करने का अनुरोध किया। बैठक में विकास अधिकारी प्रदीप मायला ने प्राप्त सुझावों की अनुपालना के बारे में अवगत कराया। बैठक ओड़वाड़ा सरपँच लक्ष्मण पटेल सड़क निर्माण की बात रखी। बैठक में मड़गांव सरपँच उम्मेदसिंह, सांथू सरपँच मांगीलाल देवासी समेत पंचायत समिति सदस्य व पंचायतों के सरपंच मौजूद रहे।

जालोर पंचायत समिति की साधारण बैठक प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में हुई। फोटो राष्ट्रदूत

सांचौर पुलिस ने नकली नोट व अवैध हथियार मामले का आरोपी पकड़ा

सांचौर, (निसं)। सांचौर पुलिस ने गुरुवार को नकली नोट व अवैध हथियार के संबंध में बड़ी कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाधिकारी हुकमाराम ने बताया कि आरोपी के कब्जे से 1 लाख 33 हजार 500 रुपये के जाली नोट बरामद किए गए हैं। साथ ही दो देशी पिस्टल, एक धारदार छुरा व एक तलवार को भी बरामद किया गया है।

पुलिस ने आरोपी कृपालसिंह राजपूत निवासी डभाल को गिरफ्तार करते हुए एक वाहन को भी जब्त किया गया है। आरोपी से जब्त किए गए नकली नोट व पिस्टल को लेकर पुलिस के द्वारा गहनता से पूछताछ की जा रही हैं।

सांचौर पुलिस को सूचना मिली कि कृपालसिंह पुत्र मगसिंह जाति राजपूत निवासी डबाल व उसके अन्य साथियों ने एक शोर्ट बॉडी की जीप लेकर रिडमलसिंह पुत्र रतनसिंह जाति भोमिया राजपूत निवासी डबाल के घर पर हमला कर दिया है एवं उनके पास हथियार है। जिसके बाद में पुलिस तुरन्त ही मौके पर पहुंची। तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी कृपालसिंह को दस्तयाब किया गया।

आरोपी कृपालसिंह के कब्जे में स्थित एक शोर्ट बॉडी की जीप तथा उसकी तलाशी ली गई तो जीप के अन्दर सीट पर रखी हुई दो देशी पिस्टल जिनमें खाली मैग्जीन लगी हुई थी, उक्त दोनों देशी पिस्टल एवं एक धारदार छुरा तथा एक नंगी तलवार को बरामद किया गया। आरोपी के कब्जे में उसकी पेन्ट की जेब में 500-500 रूपये के नकली नोट होना पाया गया।

महिला व युवक मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने महिला और युवक को अवैध डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया। कुड़ी थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने गश्त के समय केके कॉलोनी रोड पर युवक की तलाशी में उसके पास से 293 ग्राम अवैध डोडा पोस्त मिला। आरोपी युवक डांगियावास के चांदेलाव निवासी भागीरथ पुत्र नानकराम जाट को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया। बासनी थानाधिकारी मोहम्मद शफीक खां ने शंकर नगर सांगरिया फांटा के पास में मंजू पत्नी श्रवण नाथ के पास से तलाशी में 187 ग्राम अवैध डोडा पोस्त पाया गया। मंजू इसी क्षेत्र की रहने वाली है, उसे गिरफ्तार कर लिया गया।